Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 5

Total No. of Questions : 11

# प्रवेशिका (5वीं) वार्षिक परीक्षा 2025-26

**विषय कोड : 0503**

## हिंदी

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक : 50

---

निर्देश– (1) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(2) **सभी** प्रश्नों के अंक उनके समक्ष अंकित हैं।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए : 5×1=5

(1) मैसूर किस राज्य में स्थित है ?

(क) कर्नाटक प्रदेश में

(ख) महाराष्ट्र प्रदेश में

(ग) राजस्थान प्रदेश में

(घ) हिमाचल प्रदेश में

(2) ईश्वरचन्द्र को विद्वानों की एक सभा ने कौनसी उपाधि दी थी ?

(क) शिक्षक की

(ख) शास्त्री की

(ग) वेदांत की

(घ) विद्यासागर की

(3) 'चढ़ाई' शब्द में कौनसी संज्ञा है ?

(क) जातिवाचक

(ख) भाववाचक

(ग) व्यक्तिवाचक

(घ) समूहवाचक

(4) राष्ट्रपति भवन कहाँ पर स्थित है ?

(क) रामेश्वरम् में

(ख) भोपाल में

(ग) नई दिल्ली में

(घ) प्रयागराज में

(5) गाँव से शहर में पलायन का क्या कारण है ?

(क) आय की कमी

(ख) साधनों की कमी

(ग) कृषि उपज में कमी

(घ) उपर्युक्त सभी

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये – 5×1=5

(1) गंगा को .................................... भी कहते हैं।

(सुरसरी/नर्मदा)

(2) उज्जैन में प्रसिद्ध .................................... मंदिर है।

(महाकाल/विष्णु)

(3) दुर्ग शब्द का अर्थ .................................... है। (मैदान/किला)

(4) भारत की .................................... और सुख समृद्धि ही हमारे जीवन के स्वप्न हैं।

(अखण्डता/परतंत्रता)

(5) प्रसिद्ध बौद्ध स्तूपों के लिए .................................... को जाना जाता है।

(ग्वालियर/साँची)

3. अनेक शब्द के लिए एक शब्द लिखिए : 2

(1) सेवा करने वाला

(2) जो ईश्वर में विश्वास रखता हो।

4. दिए गए शब्दों में से मूल शब्द में मूल शब्द एवं प्रत्यय अलग-अलग लिखिए : 2

(1) जनता

(2) रासायनिक।

5. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(1) भाग्य

(2) काम।

6. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

(1) पुस्तक

(2) अम्बर।

7. अपठित गद्यांश पढ़कर उत्तर दीजिए : 4

स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेन्द्र था। इनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ था। इनके पिता का नाम विश्वनाथ दत्त व माता का नाम भुवनेश्वरी देवी था। उनके गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस थे। उन्होंने शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लिया जिसमें दिए गए व्याख्यान की सर्वत्र प्रशंसा हुई थी।

(1) स्वामी विवेकानंद का जन्म कब हुआ था ?

(क) 1863

(ख) 1862

(2) स्वामी विवेकानंद के गुरु का क्या नाम था :

(क) नरेन्द्र साहब

(ख) रामकृष्ण परमहंस

(3) स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम था :

(क) राजेन्द्र

(ख) नरेन्द्र

(4) विश्व धर्म सम्मेलन कहाँ हुआ था ?

(क) शिकागो

(ख) मुंबई

8. संक्षेप में उत्तर दीजिए (कोई **तीन**) : 3×2=6

(1) गौतम बुद्ध की वाणी कहाँ गूँजती है ?

(2) चंदन की हत्या किसने की ?

(3) नौ सेना कौनसे तटों की रक्षा करती है ?

(4) जापान की यात्रा कौन कर रहे थे ?

(5) आत्मा का स्वरूप क्या है ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए (कोई **चार**) : 4×3=12

(1) सूर्य नमस्कार के क्या लाभ हैं ?

(2) मीठे वचन बोलने पर हमारे जीवन में क्या-क्या लाभ होते हैं ?

(3) किसानों को खेती के अतिरिक्त मजदूरी क्यों करनी पड़ती थी ?

(4) पचमढ़ी किसलिए प्रसिद्ध है ?

(5) पातालकोट की महिलाएँ कौनसे आभूषण पहनती हैं ?

10. अपने कक्षाध्यापक को दो दिन के अवकाश हेतु आवेदन-पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

परीक्षा में सफल होने पर मित्र को बधाई-पत्र लिखिए।

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(1) मेरी पाठशाला

(2) होली

(3) मेरा प्रिय मित्र

(4) राष्ट्रीय पर्व।